तापमान

अधिकतम 24 डिग्री

न्यूनतम 11 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार 17 नवंबर 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर



4 एनीकट का गेट समय पर नहीं खुलने से स्टोरेज क्षमता रह गई मात्र 40 प्रतिशत




**खबर संक्षेप**

### बाल दिवस के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता



**मनेन्द्रगढ़।** बाल सप्ताह के अवसर पर शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मनेन्द्रगढ़ में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी आरके खाती के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा जिला बाल संरक्षण अधिकारी सुश्री कोमल सिंह द्वारा तैयार की गई थी। प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्राओं ने अत्यंत उत्साह और रचनात्मकता के साथ भाग लिया। आकर्षक रंगोलियों के माध्यम से छात्राओं ने सामाजिक संदेश, बाल अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा बाल विवाह उन्मूलन जैसे महत्वपूर्ण विषयों को कलात्मक रूप में प्रस्तुत किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए।

### कटकोना में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 23 को

**पटना।** युवा स्वास्थ्य टीम के द्वारा खजुराहील स्कूल कटकोना में 23 नवंबर को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें डॉ.रितेश कुशवाहा, डॉ.शास्वती संतरा, डॉ. शिवानी अग्रवाल एवं डॉ.निष्ठा अग्रवाल व उनकी टीम अपनी सेवाएं देंगे। शिविर में सामान्य एवं मौसमी बीमारियों का उपचार, गंभीर बीमारियों के लिए उचित सलाह, महिलाओं से संबंधित रोगों का उपचार एवं सलाह, मुख एवं दांत संबंधी रोगों का उपचार एवं सलाह, शुगर, ब्लड प्रेशर, ऑक्सीजन सैचुरेशन, पल्स वजन, आदि की जांच की जाएगी।

### किसानों की सुविधा के लिए खुले सहायता केन्द्र



**बैकुण्ठपुर।** खरीफ वर्ष 2025-26 में धान उपार्जन कार्य को सुचारू और किसान हितैषी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में सोनहत अनुविभाग के विभिन्न धान उपार्जन केन्द्रों में कृषक सहायता केन्द्र स्थापित किए गए हैं। एग्रीस्टैक, एकीकृत किसान पोर्टल, रकबा संशोधन तथा धान उपार्जन से जुड़ी अन्य तकनीकी व प्रपत्र संबंधी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए इन सहायता केन्द्रों की स्थापना की गई है। कृषि समितियों के अंतर्गत आने वाले हलकों के पटवारियों की ड्यूटी भी इन केन्द्रों में लगाई गई है, ताकि किसानों को त्वरित सहायता उपलब्ध हो सके। इन कृषक सहायता केन्द्रों से किसानों को पंजीयन, दस्तावेज सत्यापन, तकनीकी मार्गदर्शन और उपार्जन प्रक्रिया में आ रही समस्याओं के त्वरित समाधान में बड़ी राहत मिलेगी। प्रशासन का कहना है कि इससे धान खरीदी प्रक्रिया अधिक सरल और पारदर्शी बनेगी।

### पहले दिन किसानों ने 260 क्विंटल बेचा धान



**सोनहत।** खरीफ वर्ष 2025-26 के तहत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 15 नवंबर से जिले में शुरू हो चुकी है। इसके पहले दिन सोनहत विकासखंड के विभिन्न धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों ने उत्साहपूर्वक धान बेचा। सोनहत धान खरीदी केन्द्र में एक किसान द्वारा 100 क्विंटल, कटगोड़ी केन्द्र में 24 क्विंटल 80 किलो तथा रजौली धान खरीदी केन्द्र में 80 क्विंटल धान की बिक्री हुई। जिले में पंजीकृत किसानों के एक-एक दाना धान की खरीदी सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन द्वारा सभी 21 उपार्जन केन्द्रों में आवश्यक एवं माकूल व्यवस्थाएं की गई हैं। प्रशासन का लक्ष्य है कि किसान बिना किसी परेशानी के अपना धान समर्थन मूल्य पर बेच सकें और खरीदी प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो।

## स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी, कलेक्टर-एसपी समेत कई हुए शामिल

# खरवत से मिनी स्टेडियम तक निकला यूनिटी मार्च

**बैकुंठपुर।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में पूरे प्रदेश में 31 अक्टूबर से 25 नवंबर तक आयोजित यूनिटी मार्च कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को जिला स्तरीय पदयात्रा का आयोजन स्वामी आत्मानंद हिंदी उत्कृष्ट स्कूल खरवत से शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक शाला तक किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता छग के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने की।

जिला प्रशासन एवं खेल तथा युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस मार्च में करीब 5 किमी की पदयात्रा के दौरान सभी वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। वंदे मातरम और सरदार वल्लभभाई पटेल अमर रहें के नारों से पूरा बैकुंठपुर शहर गूंज उठा। सभा को संबोधित करते हुए मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि भारत की खूबसूरती उसकी अनेकता में एकता है। सरदार वल्लभभाई पटेल ने 565 रियासतों का शांतिपूर्ण विलय कर भारत के एकीकरण में ऐतिहासिक योगदान दिया, इसी कारण उन्हें लौह पुरुष के नाम से जाना जाता है। उन्होंने जूनागढ़,



यूनिटी मार्च में शामिल स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल व अन्य ।

हैदराबाद और जम्मू-कश्मीर जैसी जटिल रियासतों के एकीकरण में अहम भूमिका निभाई, जिससे भारत एक सशक्त राष्ट के रूप में उभरा। मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित, आत्मनिर्भर और विश्व गुरू बनाने के लिए सांस्कृतिक एकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्वदेशी उत्पादों के अधिकाधिक उपयोग को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इससे देश की आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। यूनिटी मार्च में भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे, जिला पंचायत के सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, जिला पंचायत के अध्यक्ष मोहित पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, पूर्व नपाध्यक्ष शैलेश शिवहरे, नगर पंचायत पटना अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह, सुभाष साहू, गीता राजवाड़े, अनिल खटिक, अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य, नगरीय निकाय व पंचायत स्तरीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी, खेल संगठन, युवा, विद्यार्थी और विभिन्न समुदायों के लोग काफी संख्या में उपस्थित रहे।

### विहिप और बजरंग दल का रन फॉर हेल्थ कार्यक्रम

विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल बैकुंठपुर द्वारा रविवार को रन फॉर हेल्थ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पदयात्रा खरवत से प्रारंभ होकर रामानुज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंची। इसमें अमित श्रीवास्तव, जय चक्रधारी, देवेन्द्र तिवारी, केबी जायसवाल, शारदा गुप्ता, शशि प्रकाश जायसवाल, सत्येन्द्र राजवाड़े, तीरथ राजवाड़े उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख रूप से आनंद तिवारी,राम साहू, अथर्व श्रीवास्तव, राजी घोष, मूलचंद, चंद्र प्रताप सिंह, लेहरे कुमार, प्रदीप राजवाड़े, लल्ला यादव, रतनेश द्विवेदी, सोना नाविक, रोहित खस, शिव बालक राजवाड़े आदि सक्रिय रहे।





नहर के बीच में उगा खरपतवार।

# नहरों की सफाई की जरुरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

धान कटाई के साथ ही रबी फसलों की तैयारी शुरू हो जाती है, कुछ रबी की फसलों के लिए खेत तैयार होने लगे हैं। धान कटाई के बाद रबी फसलों के लिए जोत तैयार किए जाएंगे।

■ धान कटाई के बाद रबी फसल के बोनी की होगी तैयारी

रबी की प्रमुख फसल में गेहूं की बोआई कुछ दिनों बाद चालू हो जाएगी। बरसात अब समाप्त हो गया है, ऐसे में रबी की फसलों के लिए पानी की आवश्यकता होती है, लेकिन कई क्षेत्रों में विस्तारित नहरों की साफ-सफाई नहीं हो पाई है, जिससे नहरों के माध्यम से पर्याप्त पानी अंतिम छोर तक नहीं पहुंच पाएगा। जिम्मेदार विभाग के अधिकारी नहरों के साफ-सफाई को लेकर अब तक सजग नहीं है। जानकारी के अनुसार झुमका बांध से निकली नहर जो शहर से लगे केनापारा, जामपारा तक जाती है, वहीं बीच से छोटी नहर मझगवां की ओर भी जाती है। इन नहरों की अब तक साफ-सफाई नहीं हो पाई है। नहरों में घास झाड़ियां उग आई है, जो पानी के बहाव को रोकने का काम करते हैं, ऐसे में विस्ताावित नहर के अंतिम छोर तक पर्याप्त पानी नहीं मिलने वाला है, ऐसे में नहर क्षेत्र के खेतों को पर्याप्त पानी मिलना मुश्किल होगा।

**बिक्री के लिए आंवला...**



बैकुण्ठपुर। ठंड के सीजन शुरू होने के साथ ही विटामिन सी से भरपूर आंवला शहर के बाजार में बिकने लगा है। एक ठेले में व्यापारी 100 रूपए में तीन किलो के दर से आंवला विक्रय किया जा रहा है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** शहर आ रहे बाइक सवार को कार चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम लोसंगा निवासी सुद्यामा एक्का आ. स्व. कामेश्वर शुक्रवार को बाइक से अकेले शहर आने के लिए निकला था। जैसे ही एनएच 130 लहपटरा के समीप पहुंचा तभी कार चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को देख लोगों ने घायल को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया।

# पीलिया से मौत : 20-20 लाख मुआवजा की मांग

**चिरमिरी।** नगर निगम चिरमिरी के छोटाबाजार क्षेत्र में जुलाई - अगस्त के महीने में गंदे एवं दूषित पानी के सप्लाई के कारण पीलिया की बीमारी फैल गई थी।

■ पूर्व मेयर रेड्डी ने अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

एसईसीएल एवं नगर निगम के पाइप लाईनों से संक्रमित पानी तथा साफ-सफाई की बद-इंतजामी के कारण फैले बीमारी से न केवल लोग उल्टी-दस्त, बुखार एवं पीलिया से परेशान हुए बल्कि तीन नौजवान लोगों की मृत्यु भी हो गई। इसे लेकर जनदर्शन कार्यक्रम में चिरमिरी के पूर्व महापौर एवं जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष के. डोमरू रेड्डी ने कलेक्टर के प्रतिनिधि के रूप में जनदर्शन सुनवाई कर रहे अपर कलेक्टर अनिल सिदार के समक्ष संपूर्ण घटनाक्रम का जिक्र करते हुए कलेक्टर को संबोधित अपने पत्र में कहा है कि चिरमिरी शहर में पीलिया की बीमारी फैलने से तीन लोगों की मृत्यु हो गई है और लगभग 500 ⏭ शेष पेज 4 पर



चर्चा करते पूर्व महापौर के. डोमरू रेड्डी।

# बीएलओ के सहयोग के लिए लगी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

चुनाव आयोग के निर्देश पर कोरिया जिले में मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण का कार्य शहर से लेकर गांव-गांव में हो रहा है, इसके लिए शिक्षकों को बीएलओं बनाया गया है जो मतदाताओं के घर-घर जाकर पुनरीक्षण का कार्य कर रहे हैं, इसके चलते जिले के कई विद्यालयों में बच्चों का पढ़ाई प्रभावित हो रहा है।

मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्य में बीएलओं का सहयोग करने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भी ड्यूटी लगा दी गई है, इससे आंगनबाड़ी केन्द्रों की गतिविधियां भी प्रभावित होने लगी है और आंगनबाड़ी केन्द्र सहायिकाओं के भरोसे ही किसी तरह संचालित हो रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के एसआईआर कार्य में बीएलओं के सहयोग के लिए ड्यूटी लगाए जाने से आंगनबाड़ी केन्द्रों में बुनियादी शिक्षा के साथ पोषण आहार भी प्रभावित होना तय है। मिली जानकारी के ⏭ शेष पेज 4 पर

### वजन त्यौहार पर भी पड़ेगा असर

जानकारी के अनुसार आंगनबाड़ी केन्द्रों में 15 नवंबर से वजन त्यौहार मनाने की तैयारी भी करनी है, लेकिन आंगनबाड़ी केन्द्र की कार्यकर्ता एसआईआर कार्य में संलग्न कर दिए गए हैं, जो कि जरूरी कार्य में शामिल है, इससे केन्द्र में सहायिका के भरोसे वजन त्यौहार मनाई जाएगी। ऐसे में निश्चित रूप से आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालित गतिविधियों के सुव्यवस्थित तरीके से संचालन में बाधा आएगी और रिपोर्टिंग भी प्रभावित होगी और सहायिकाओं के भरासे महिला बाल विकास विभाग का वजन त्यौहार अभियान कितना सफल होगा इस पर भी संशय है।

### विश्व मधुमेह दिवस पर 102 लोगों का निःशुल्क जांच

**मनेन्द्रगढ़।** विश्व मधुमेह दिवस के उपलक्ष्य में कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे के मार्गदर्शन में मनेन्द्रगढ़ विकासखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बंजी अंतर्गत ग्राम पाराडोल में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों में मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप जैसे गैर-संचारी रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समय पर जांच की सुविधा उपलब्ध कराना था। शिविर का शुभारंभ स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्राम के सरपंच द्वारा किया गया। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों की जांच प्रक्रिया प्रारंभ की। नोडल अधिकारी डॉ.नम्रता चक्रवर्ती के कुशल नेतृत्व में आयोजित इस निःशुल्क शिविर में मधुमेह जांच, उच्च रक्तचाप जांच तथा अन्य सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। कुल 102 हितग्राहियों ने इस शिविर में स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। जांच के दौरान 34 व्यक्ति उच्च रक्तचाप से ग्रस्त पाए गए, वहीं 21 हितग्राही मधुमेह के मरीज मिले। शिविर की सतत मॉनिटरिंग सहायक नोडल अधिकारी अवनीश पांडे और जिला कार्यक्रम समन्वयक राजेश कुमार विश्वकर्मा द्वारा की गई।

# शहर में साइकल रेस, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सेव अवर ऐलिंग वर्ल्ड थीम पर साइकिल रेस का आयोजन किया गया। इस रेस में विद्यालय के चारों सदनों के छात्र-छात्राओं सहित शहर के प्रतिष्ठित एवं गणमान्य नागरिकों ने भी भाग लिया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पर्यावरण बचाने का संदेश दिया।

रेस की शुरूआत विशेष प्रातः सभा के द्वारा हुई। प्रातः सभा में सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर बसंत कुमार तिवारी एवं निदेशिका श्रीमती पूनम सिंह सहित सभी गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित किया गया एवं राष्ट के प्रति प्रतिबद्धता एवं कर्तव्यनिष्ठा बनाए रखने के लिए शपथ ली गई। कार्यक्रम के अगले चरण में सभी प्रतिभागियों को फीता काट कर साइकल दौड़ के लिए रवाना किया गया। यह दौड़ शहर के सभी प्रमुख मार्गों से होती हुई वापस विद्यालय में समाप्त की गई। मनेन्द्रगढ़ पुलिस की सजग एवं सकर्त भागीदारी से यह रेस सफलतापूर्वक संपन्न हो सकी। प्रतिभागियों द्वारा विद्यालय पहुंचने के पश्चात सभी को बहुउद्देशीय हॉल में बैठाया गया एवं मेडल, ट्राफी तथा प्रमाण पत्रों द्वारा सम्मानित किया गया। इसमें छात्र वर्ग में प्रथम स्थान पर टैगोर सदन के छात्र गौरव केवट रहे। वहीं द्वितीय आर्यभट्ट सदन के छात्र अभिजीत शांडिल्य, तृतीय स्थान पर पुनःटैगोर सदन के छात्र यशराज ने अपना नाम सुनिश्चित किया। छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान पर आर्यभट्ट सदन की छात्रा रोहिणी बघेल रहीं, द्वितीय स्थान पर टैगोर सदन की छात्रा समृद्धि वर्मा रही तथा तृतीय स्थान पर पुनः टैगोर सदन की छात्रा त्रिवेणी पैकरा ने कब्जा जमाया। विद्यालय को संबोधित करते हुए मनेन्द्रगढ़ साइकलिंग ग्रुप के संस्थापक सतीश द्विवेदी ने बच्चों को पर्यावरण केक महत्व और जीवनशैली में छोटे-छोटे बदलावों के माध्यम से पृथ्वी को हरा-भरा रखने का संदेश दिया। संस्था की निदेशिका श्रीमती पूनम सिंह ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में ग्रीन वैली फाउंडेशन के सदस्य सीपी गुप्ता, रेडक्रॉस सोसाइटी मनेन्द्रगढ़ के अध्यक्ष शैलेश जैन, हर्बल लाइफ की अंतरराष्टीय कोच श्रीमती ममता राणा सहित सभी गणमान्य अतिथियों ने बच्चों को स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के प्रति जागरूक बनने का संदेश दिया।



सेव अवर ऐलिंग वर्ल्ड थीम पर आयोजित साइकिल रेस प्रतियोगिता में भाग लेतीं छात्राएं।

## सब्जियों की कीमतों में एकाएक हुई बढ़ोतरी

# फिर से टमाटर के दाम हुए लाल, किलो में 60 रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

टमाटर का भाव इस सीजन में गिरने की बजाय और बढ़ता जा रहा है। शहर के बाजार में दो-तीन दिनों पूर्व टमाटर 40 रूपए बिक रहा था, लेकिन एकाएक गुरूवार से टमाटर का भाव अर्द्धशतक पार कर 60 रूपए किलो बिकने लगा।

अचानक से टमाटर के दाम में 20 रूपए की बढ़ोतरी से सभी लोग चकित हो गए। इसके कुछ दिनों पूर्व टमाटर 30 रूपए तक कई दिनों तक बिकता रहा और फिर 10 रूपए बढ़ोतरी होकर 40 रूपए किलो बिकने लगा, फिर एकाएक 20 रूपए की बढ़ोतरी कर 60 रूपए किलों की दर से शुक्रवार से बिकने लगा। यही भाव रविवार साप्ताहिक बाजार दिवस भी बना रहा, जबकि अब स्थानीय स्तर से भी टमाटर निकलने लगा है, लेकिन वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों के लोग धान कटाई में व्यस्त है और बाजार में ज्यादा नहीं पहुंच रहे हैं। ऐसी स्थिति में मांग को पूरा करने के लिए बाजार में बाहर से टमाटर का आयात किया जा रहा है, इसके चलते टमाटर के भाव घटने की बजाय आसमान चढ़ते जा रहा हैं। उल्लेखनीय है कि टमाटर हर घर के रसोई की जरूरत है, प्रत्येक प्रकार के सब्जियों में टमाटर का उपयोग होता है, इसके अलावा सलाद में भी उपयोग किया जाता है। अब टमाटर के भाव तेज होने से लोग एक किलो की बजाया इससे कम मात्रा में खरीदी कर रहे हैं।



### अन्य सब्जियों के दाम भी कम नहीं

बाजार में टमाटर ही नहीं बल्कि अन्य सब्जियों के दाम भी आसमान पर चढ़ा हुआ है। वर्तमान में सेम की कीमत भी 80 से 100 रूपए बिक रही है, जबकि सेम का सीजन अभी है, इसके अलावा फूल गोभी 60 रूपए, नया आलू 60 रुपए, बैगन 60 रुपए, कच्चा केला 40 रूपए बिक रहा है, इसके अलावा अन्य सब्जियों के भाव भी तेज है, वहीं लाल भाजी भी 40 रूपए की दर से विक्रय किया जा रहा है। ठंड के सीजन में सब्जियों की आवक बढ़ती है, बावजूद इसके इस समय सब्ज्यिों के दाम ऊंचे हैं।

# अवैध कच्ची शराब के धंधे पर लगाम नहीं



**कोरिया कॉलरी।** क्षेत्र में अवैध कच्ची और महुआ शराब का कारोबार पुलिस की लगातार सख्ती के बाद भी थमने का नाम नहीं ले रहा है।

चिरमिरी पुलिस द्वारा नशे के कारोबारियों के विरूद्ध लगातार दबिश, गिरफ्तारियां और जुलूस निकालकर जेल भेजने जैसे कदम उठाए जा रहे हैं, फिर भी अवैध शराब माफिया नए तौर तरीके अपनाकर कारोबार जारी रखे हुए हैं। स्थानीय सूत्रों का कहना है कि पुलिस मुहिम के चलते कुछ दिनों के लिए गतिविधियां धीमी पड़ जाती हैं, लेकिन बाद में अवैध शराब बेचने वालों के हौसले फिर मजबूत हो जाते हैं। कई इलाकों में अब भी महुआ शराब की सप्लाई और खुलेआम बिक्री जारी रहने की शिकायतें मिल रही हैं। ग्रामीणों के अनुसार इन कारोबारियों को पकड़ना जितना कठिन है, उससे कहीं अधिक मुश्किल है उनकी लगातार बदलती तरकीबें। हर कार्रवाई के बाद वे नए ठिकाने और नए सप्लाई रूट तैयार कर लेते हैं, जिससे यह अवैध व्यापार पूरी तरह खत्म नहीं हो पा रहा। मनोज दास का कहना है कि लगातार अवैध शराब की बिक्री बढ़ रही है जो समाज के लिए घातक है। कार्रवाई हो रही है, लेकिन कारोबार नहीं रूक रहा, यह चिंतनीय है। ठोस कदम उठाने की जरूरत है। वहीं सतीश यादव का कहना है कि प्रशासन चाहे तो गलत काम रूक सकता है। जनता प्रशासन के साथ है, अवैध कारोबार बंद होना चाहिए।

खबर संक्षेप



## चिरायु योजना के तहत बच्चों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**करवां।** बच्चों के स्वास्थ्य सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु योजना के तहत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कसलगिरी में बुधवार को एक विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कक्षा 6 से 8 तक के सभी बच्चों की विस्तृत चिकित्सीय जांच की गई। शिविर में आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरके गुप्ता, फार्मासिस्ट नीरज जायसवाल तथा एएनएम श्रीमती मिथलेश राजवाड़े की टीम द्वारा बच्चों का नाक, कान, गला, हृदय, आँख, त्वचा तथा दांतों से संबंधित समस्याओं की क्रमवार जांच किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान कुछ बच्चों में सर्दी-खांसी और पेट दर्द जैसी मौसमी बीमारियां पाई गईं, जिनका तत्काल उपचार कर दवाइयां उपलब्ध कराई गई ।बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक परीक्षण कराते हुए स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। डॉ. गुप्ता ने बताया कि चिरायु योजना का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को स्वस्थ रखना है। इसी के तहत टीम समय-समय पर विद्यालयों का दौरा कर बच्चों की संपूर्ण स्वास्थ्य जांच करती है, ताकि किसी भी संभावित गम्भीर बीमारी का समय रहते पता लगाकर उसका उपचार किया जा सके। चिकित्सा टीम ने शासकीय प्राथमिक शाला कसलगिरी तथा शासकीय प्राथमिक शाला कसलगिरी देवलापारा में भी जाकर विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। स्वास्थ्य शिविर के दौरान विद्यालय के शिक्षक बद्री प्रसाद एक्का, नंदकिशोर कुशवाहा, श्रीमती शमा बेगम, श्रीमती प्रभावती पैकरा सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।


## ब्रह्म ज्ञान विद्या मंदिर स्कूल में बाल मेला सहः विज्ञान प्रदर्शनी



**अम्बिकापुर।** ब्रह्म ज्ञान विद्या मंदिर स्कूल सकालो में शनिवार को मुख्य अतिथि मुरारी सिंह चंदेल द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा में दीप प्रज्वलित कर बाल मेला का शुभ आरंभ किया गया। कक्षा नर्सरी से आठवीं तक के बच्चों ने अपने कला का प्रदर्शन किया। अतिथियों द्वारा मॉडलों का अवलोकन किया साथ ही बच्चों द्वारा बनाए गए व्यंजनों का स्वाद चखा। संस्था के संचालक अविनाश सिंह चंदेल ने कहा की हमारी संस्था बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार एवं बच्चों को आत्मनिर्भर बनाना है। इस दौरान प्रधान पाठक जगदीश प्रसाद, पूनम सिंह, रूपा, सुमन, कविता, मनिषा, बबली, माधुरी, शाक्षी, सोना, प्रिया, अंकिता सहित अभिभावक मौजूद रहे।

## जसवंत सिंह एवं विकास दुबे को मिली किसान कांग्रेस प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी

**रामानुजगंज।** छत्तीसगढ़ किसान कांग्रेस द्वारा घोषित नई प्रदेश कार्यकारिणी में रामानुजगंज क्षेत्र के दो युवा और सक्रिय नेताओं जसवंत सिंह एवं





विकास दुबे को प्रदेश महासचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। दोनों नेताओं की नियुक्ति को क्षेत्र के किसान नेताओं और ग्रामीणों ने एक बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा है। जसवंत सिंह और विकास दुबे पूर्व में किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रह चुके हैं और अपने कार्यकाल में किसानों की समस्याओं को मजबूती से उठाने के कारण प्रदेश नेतृत्व का विश्वास अर्जित किया है। दोनों लंबे समय से धान खरीदी, बोनस भुगतान, खाद-बीज वितरण, सिंचाई व्यवस्था तथा फसल बीमा जैसी समस्याओं पर संघर्ष करते रहे हैं। जसवंत सिंह ने बताया कि यह पद उनके लिए सम्मान के साथ-साथ किसानों के प्रति बढ़ी हुई जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि वे प्रदेश भर के किसानों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने और कृषक हितों को सर्वोपरि रखकर कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वहीं विकास दुबे ने बताया कि किसान कांग्रेस ने उन पर जो भरोसा जताया है, उसे वे पूरी निष्ठा से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि वे गांव-गांव जाकर किसानों की वास्तविक समस्याओं को समझने और उनके समाधान के लिए निर्णायक कदम उठाने पर विशेष ध्यान देंगे।

## ओपीएस मिनी स्पोर्ट्स में फुटबॉल का रोमांच कलाम एवं आइंस्टीन हाउस बने विजेता

**अम्बिकापुर।** ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल में चल रहे मिनी स्पोर्ट्स के तहत जूनियर एवं सीनियर बालक वर्ग का फुटबॉल फाइनल मैच आयोजित किया गया। जूनियर बालक वर्ग में आइंस्टीन हाउस को हराकर कलाम हाउस ने पेनाल्टी शूट आउट में 2/0 से जीत हासिल की। कलाम हाउस के खिलाड़ियों में कार्तिक कुमार, अनुराग, देवेन्द्र कुमार, रजत सोनी, अंश कुमार, ओवैश अली, आर्यन राजवाड़े, साहिल टोप्पो, अब्वाल अली, सिबतैन अंसारी, प्रशांत साहू, सूर्यांश मिश्रा शामिल थे। सीनियर बालक वर्ग में कलाम हाउस को हराकर आइंस्टीन हाउस 1/0 से विजेता बना।

### अनिश्चितकालीन हड़ताल का दिखा असर

# पहले दिन कहीं ताला बंद तो कहीं पोर्टल नहीं खुलने से निराश होकर लौटे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/धौरपुर

खास बात
- समितियों में नहीं पहुंचे खरीदी प्रभारी और कंप्यूटर ऑपरेटर

खरीफ विपणन वर्ष में धान खरीदी पर हड़ताल का असर देखने को मिला। खरीदी शुरू होने के बाद पहले दिन ज्यादातर समितियों में ताला लटका रहा और खरीदी प्रभारी एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर नहीं पहुंचे। इसके साथ ही कुछ समितियों में कम्प्यूटर ऑपरेटर एकीकृत किसान पोर्टल को ही नहीं खोल पाए। ऐसे में घंटों इंजतार करने के बाद किसानों को निराश होकर वापस लौटना पड़ा। ऐसे में पहले दिन की धान खरीदी अव्यवस्था का शिकार हो गई।

बता दें कि 15 नवम्बर से प्रदेशभर में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है लेकिन इन खरीदी के पहले ही अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर प्रबंधक, कंप्यूटर ऑपरेटर अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए है। इस हड़ताल के कारण इस बार धान खरीदी के प्रभावित होने की संभावना जताई जा रही थी। हालांकि प्रशासन का दावा था कि समिति प्रबंधक एवं कंप्यूटर ऑपरेटरों की हड़ताल को देखते हुए जिला प्रशासन ने सभी उपार्जन केंद्रों में नवीन धान खरीदी प्रभारी एवं कंप्यूटर ऑपरेटरों की नियुक्ति कर दी है। जिससे धान खरीदी कार्य बिना किसी रुकावट के निर्बाध रूप से संचालित किया जाएगा लेकिन पहले दिन ही सरगुजा संभाग के विभिन्न समितियों में अव्यवस्था का आलम देखने को मिला और धान खरीदी प्रभावित रही। सरगुजा जिले की बात की जाए तो लुंड्रा विकासखंड के धौरपुर समिति में खरीदी के पहले दिन ताला लटका रहा। सहकारी समिति में अपना रकबा देखने और टोकन लेने आए किसान घंटों इंतजार करते रहे लेकिन कोई भी प्रभारी और कंप्यूटर ऑपरेटर समिति में नहीं पहुंचा। इस दौरान धौरपुर के ग्राम बिलमा से किसान कामेश्वर चौधरी, पडौली के रवि सिंह सहित अन्य किसानों को वापस लौटना पड़ा।

बताया जा रहा है कि दोपहर में नया कंप्यूटर ऑपरेटर पहुंचा था लेकिन प्रभारी के नहीं आने और समिति में ताला लटका होने के कारण वह भी बिना ज्वाइनिंग दिए ही वापस लौट गया। इसी तरह सूरजपुर जिले के ओड़गी अंतर्गत बिहारपुर समिति में भी ताला लटका रहा और किसानों को निराश होकर वापस लौटना पड़ा।



बंद समिति के बाहर खड़े लोग।

### बिना प्रशिक्षण के भेजा ड्यूटी पर

एक तरफ खरीदी प्रभारी और कंप्यूटर ऑपरेटर के हड़ताल पर होने से समितियों में पहले दिन ही ताला लटका रहा जबकि दूसरी ओर जिन समितियों का ताला खुला वहां भी कोई काम नहीं हो पाया। लुंड्रा विकासखंड के अंतर्गत धौरपुर के ग्राम डूमरडीह समिति में प्रभारी और कंप्यूटर ऑपरेटर ने चार्ज ले लिया था लेकिन वे पोर्टल ही नहीं खोल पाए। वहीं सखौली समिति में पहले दिन ही प्रभारी को बदल दिया गया। यहां एसडीओ रैंक के अधिकारी को प्रभारी बनाया गया था लेकिन बाद में सचिव को प्रभारी बनाया गया। इधर यहां भी कंप्यूटर ऑपरेटर पहुंचा लेकिन वह पोर्टल नहीं खोल पाया। कुछ इसी तरह की स्थिति बटवाही समिति में देखने को मिली जहां कंप्यूटर ऑपरेटर एकीकृत किसान पोर्टल को खोल ही नहीं पाया। बताया जा रहा है कि निजी कंपनी के माध्यम से इन सभी कंप्यूटर ऑपरेटर ने अप्लाई किया था लेकिन आनन फानन में प्रशासन ने इन्हें बिना प्रशिक्षण के ही भेज दिया। अप्रशिक्षित कंप्यूटर ऑपरेटर किसानों के पोर्टल को ही नहीं खोल पाए और घंटो इन्तजार करने के बाद किसानों को वापस लौटना पड़ा।

### कार्रवाई के बाद भी हड़ताल जारी

एक तरफ शनिवार से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य शुरू हो गया है और तो वहीं दूसरी तरफ सहकारी समिति के प्रबंधक, कंप्यूटर ऑपरेटर, चपरासी सहित अन्य कर्मचारी अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटे हुए है। हालांकि 14 नवम्बर को प्रशासन द्वारा युनीयन के कुछ अधिकारियों और प्रबंधकों को बर्खास्त किया गया था लेकिन इसका हड़ताल पर कोई असर नहीं पड़ा। खरीदी के पहले दिन भी हड़ताल जारी रही और धरना प्रदर्शन दिनभर चला। यही यही स्थिति रही तो आने वाले समय में किसानों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है और धान खरीदी प्रभावित होगी।



## प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में जिला योजना समिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- विभिन्न योजनाओं की प्रगति की, की गई विस्तृत समीक्षा

जिला योजना समिति की महत्वपूर्ण बैठक प्रभारी मंत्री एवं जिला योजना समिति के अध्यक्ष दयाल दास बघेल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न योजनाओं के संचालन व प्रगति पर चर्चा की गई। साथ ही मंत्री दयाल दास बघेल द्वारा सभी विभागों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं समयबद्ध कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

उल्लेखनीय है कि जिला योजना समिति की बैठक के दौरान पिलखा क्षीर सिलफिली, गढ़कलेवा सूरजपुर, केनापारा, सी-मार्ट सहित विभिन्न योजनाओं के संचालन की गहन समीक्षा की गई। केनापारा क्षेत्र के जीर्णोद्धार, पिलखा क्षीर के संचालन, जिला वार्षिक योजना 2025-26 के अनुमोदन पर भी विचार-विमर्श किया गया। आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान एवं आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जिले के 284 ग्रामों में चल रहे कार्यों की प्रगति का जायजा लिया गया। साथ ही इसके अंतर्गत जिला एक्शन प्लान पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। प्रभारी मंत्री श्री बघेल ने खाद्य विभाग द्वारा धान खरीदी की तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली तथा समितियों में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने कृषि, उद्यानिकी और मत्स्य विभाग की समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा, राष्ट्रीय बागवानी मिशन, पाम ऑयल उत्पादन आदि योजनाओं की प्रगति पर चर्चा हुई। मत्स्य विभाग द्वारा मत्स्य बीज उत्पादन, प्रशिक्षण, सामग्री वितरण तथा प्रतापपुर के ग्राम कोरमा में निर्माणाधीन हैचरी की स्थिति पर जानकारी प्रस्तुत की गई। राजस्व विभाग द्वारा नामांतरण, वृक्ष कटाई अनुमति आदि मामलों की प्रगति बताई गई। शिक्षा विभाग द्वारा सेजेस स्कूल, शिक्षकों की व्यवस्था एवं शिक्षा की गुणवत्ता संबंधी जानकारियां प्रस्तुत की गईं। साथ ही व्यक्तिगत व सामुदायिक वन अधिकार पत्रों, छात्रावास की स्थिति एवं सुविधाओं पर चर्चा हुई। बैठक में सांसद चिंतामणी महाराज, विधायक भूलन सिंह मरावी, विधायक श्रीमती शकुंतला पोर्ते, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणि पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती रेखा राजलाल रजवाड़े सहित समिति के अन्य सदस्य सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## धान खरीदी के पहले दिन सोसाइटियों के गेट में लगे रहे ताले

- अधिकारी शनिवार अवकाश होने की बात कह पल्ला झाड़ रहे

**बिश्रामपुर।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शासन के मंशानुरूप 15 नवंबर से शुरू कर दी गई है,लेकिन हड़ताल की वजह से पहले दिन भी सभी खरीदी केंद्रों में तालाबंदी दिखी, हालांकि अधिकारियों द्वारा आज शनिवार अवकाश होने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया जा रहा है,गौरतलब है कि जिले में 54 धान उपार्जन केंद्र और 47 सहकारी समितियां हैं,जहां सप्ताह भर से कामकाज ठप्प पड़े हुए हैं,समितियों के कर्मचारियों ने चार सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन किया हूआ है,इस आंदोलन की वजह से किसानों का धान खरीदी पंजीयन,खाद-बीज वितरण और खेत की गिरदावरी प्रक्रिया काफी हद तक प्रभावित हो चुकी है,तालाबंदी से किसानों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है,पर खरीदी केंद्रों में आज शनिवार को धान खरीदी के पहले दिन भी सन्नाटा पसरा रहा, समितियों के बंद रहने से किसानों के एग्री स्टेट पोर्टल में उनके खेतों की जानकारी भी अधूरी दिख रही है,वहीं पटवारी की गिरदावरी और वास्तविक खेत सर्वे में भारी अंतर आ रहा है,समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है पर तैयारी अब भी अधूरी है,अगर यह स्थिति जारी रही तो किसान अपनी उपज कहां बेचेंगे, यह बड़ा सवाल बन गया है,ज्ञात हो कि



छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ और धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटर संघ के संयुक्त आव्हान पर प्रदेशभर में 3 नवंबर से कार्य बहिष्कार और तालाबंदी की घोषणा कर आंदोलन पर हैं,बता दें कि 12 नवंबर को कलेक्टर सूरजपुर ने छत्तीसगढ़ शासन सहकारिता विभाग मंत्रालय महानदी भवन रायपुर के पत्र और वीडियो कान्फ्रेसिंग से प्राप्त निर्देशों के बाद खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समिति स्तर पर प्रभारी समिति प्रबंधक, धान खरीदी प्रभारी के रूप में अधिकारियों की नियुक्ति कर दी है,ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी,सहकारी निरीक्षक, खाद्य निरीक्षक, समिति प्रबंधक नवीन संवर्ग पद के अधिकारियों की नियुक्ति धान खरीदी प्रभारी के रूप में की गई है लेकिन ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संघ द्वारा आदेश जारी होने उपरांत तत्काल सूरजपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर धान खरीदी कार्य से अपनी दूरी बनाए जाने की सूचना भी दे दी है,ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों का कहना है कि जब हमें विभाग द्वारा भारमुक्त नहीं किया जाएगा तो हम दूसरे कार्य हेतु वित्तीय प्रभार कैसे ले सकेंगे,यदि समिति कर्मचारियों का आंदोलन लंबा खिंचा तो जिले में धान खरीदी का पूरा सिस्टम काबुरी तरह प्रभावित होना तय है,किसानों को धान बेचने में भारी मुश्किलें झेलनी पड़ेंगी और रवि फसल की तैयारी पर भी असर पड़ेगा,हालांकि अधिकारियों द्वारा यह बात कही जा रही है कि धान खरीदी कार्य में किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं होने दी जाएगी,समिति कर्मचारियों से बातचीत चल रहा है और उम्मीद है कि जल्द ही उनका आंदोलन स्थगित हो जाएगा।गौरतलब है कि सूरजपुर कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में केशवनगर धान खरीदी केंद्र में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी नीलकमल मिश्रा, कंदरई में प्रभा तिर्की, रामनगर में सहकारी निरीक्षक महेंद्र राजवाड़े, मानी में कौशलेंद्र सिंह, जयनगर में हेमंत सिंह ओरकरा, सिलफिली में कुमार संभव यादव, लटोरी में मंजुला रानी तिग्गा, कल्याणपुर में देवांशू जायसवाल, कसलगिरी रविन्द्र कुमार ब्यास को समिति में प्रभारी अधिकारी के रूप में धान खरीदी व्यवस्था देखने नियुक्त किया गया है।



## विधायक उद्धेश्वरी के मुख्य आतिथ्य में कृषि मंडी में की गई धान खरीदी की शुरुआत

**कुसमी।** सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा की मुख्य आतिथ्य एवं एसडीएम करुण डहरिया के मार्गदर्शन में कृषि मंडी प्रांगण में आज धान खरीदी की शुरुआत की गई। सर्वप्रथम गणेश भगवान एवं लक्ष्मी मां के छाया चित्र पर पुष्प माला अर्पित करते हुए पूजा अर्चना के साथ धान खरीदी की शुरुआत की गई। नगर पंचायत के किसान विनोद कुमार से सर्वप्रथम 40 किलो 700 ग्राम की धान बेच कर धान खरीदी की शुरुआत की। कृषि मंडी प्रांगण में धान खरीदी के दौरान विधायक उद्धेश्वरी पैकरा के अलावा जिपं अध्यक्ष हीरा मुनि निकुंज, तहसीलदार रोकी एक्का, जनपद सीईओ अभिषेक पांडेय, नपं अध्यक्ष राजेंद्र भगत, जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंती भगत, नपं उपाध्यक्ष आनंद जायसवाल, जनपद उपाध्यक्ष अशोक सोनी, मंडी सचिव के ठाकुर, जन्मजय सिंह, उमेश्वर ओझा, राकेश भारती, लक्ष्मण सिंह पैकरा, राजेश्वर गुप्ता, पारस पाल, अरुण गुप्ता, इंदर निकुंज, रुदन बघेल सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## प्रशासन ने मकरादुआरी-बरगढ़ में खुदवाया गड्ढा आवागमन बंद होने से ग्रामीणों में आक्रोश

**बिहारपुर।** सीमावर्ती मध्यप्रदेश से अवैध धान की आवक रोकने प्रशासन ने मकरादुआरी-बरगढ़ मार्ग में गड्ढा खोदकर आवागमन को पूरी तरह से बंद कर दिया है जिससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। सीमावर्ती मध्यप्रदेश अंतर्गत ग्राम बरगढ़ से छत्तीसगढ़ की सीमा पर स्थित ग्राम कोल्हुआ मकरादुआरी के रास्ते कोचिए भारी मात्रा में धान परिवहन करते हैं। इस बार भी कोचिए इस मार्ग से लम्बे समय से एमपी का धान छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती गांवों में ला रहे थे। पूर्व में जांच चौकी स्थापित कर अवैध धान का परिवहन रोकने की कोशिशें की जा रही थी लेकिन पिछले साल मार्ग में गड्ढा खोदकर आवागमन बाधित करने के कारण क्षेत्र के ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस बार क्षेत्र के सरपंचों एवं ग्रामीणों ने मार्ग से आवागमन बाधित करने का विरोध किया था तथा आंदोलन करने की चेतावनी दी थी। प्रशासन द्वारा अवैध धान की आवक रोकने जांच चौकी स्थापित करने के बजाए शनिवार को मार्ग में बड़ा गड्ढा खोद दिया गया वहीं सीमावर्ती खीरो नदी के किनारे मार्ग पर बड़े-बड़े चट्टान रखवा दिए गए हैं जिससे अब वाहनों का आवागमन संभव नहीं होगा।

क्षेत्र के ग्रामीण जरूरी सामानों की खरीदी करने के साथ ही इलाज के लिए मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिला पर निर्भर हैं तथा छोटा होने के कारण इसी मार्ग से आवागमन करते हैं। प्रशासन द्वारा मार्ग से आवागमन बंद करने से ग्रामीणों को अब 20 किमी से अधिक दूरी तय करनी पड़ेगी जिसमें अधिक राशि व्यय होने के साथ ही ज्यादा समय लगेगा जिसके कारण क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। प्रशासन द्वारा पूर्व में ही मार्ग को बंद कर दिया जाता तो लम्बे समय से कोचियों द्वारा किए जा रहे अवैध धान के परिवहन पर रोक लग जाती। अब कोचियों द्वारा भारी मात्रा में सीमावर्ती मध्यप्रदेश का धान जगह-जगह भंडारित करने के बाद प्रशासन की कार्रवाई पर ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं।



## घर बनवाने के नाम पर हड़प ली ग्रामीण की स्वीकृत आवास राशि

**शंकरगढ़।** ग्राम विनायकपुर निवासी महिला के नाम स्वीकृत राशि को गांव के ही एक व्यक्ति ने घर बनाने के नाम पर न सिर्फ हड़प लिया बल्कि खुद के घर बनाने में खर्च कर दिया। पीड़िता ने घटना की शिकायत प्रशासन से की है तथा कार्रवाई किए जाने की मांग की। मनोहरपुर अंतर्गत ग्राम विनायकपुर निवासी तिजारी बाई पति बिरझू राम के नाम शासन की आवास योजना के अंतर्गत राशि स्वीकृत हुई। पीड़िता ने बताया कि विवेक यादव आ. रविन्द्र यादव झूठा भरोसा और बहला-फुसलाकर सरकारी आवास राशि का दुरुपयोग किया गया है। पीड़ित तिजारी के अनुसार घर बाद में बनवा देने का झांसा देकर स्वीकृत आवास की पूरी राशि को हड़प लिया गया। इस राशि का उपयोग विवेक यादव ने अपने निजी भूमि में अपने घर का निर्माण करवा लेने में किया। योजना के नियमों के विपरीत। पीड़ित परिवार के लोगों ने बताया कि आज तक उन्हें न तो कोई आवास मिला है और न ही योजना से संबंधित कोई लाभ। गांव में इसे लेकर लोगों में काफी रोष है। पीड़िता ने एसडीएम अनमोल टोप्पों से शिकायत कर जांच कराने तथा दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। इस संबंध में एसडीएम अनमोल टोप्पो ने बताया कि पीड़ित ने धोखे से उसके आवास के लिए स्वीकृत राशि को गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा हड़प लेने की शिकायत की है। शिकायत पर जांच कराई जाएगी। जांच सही पाए जाने पर दोषी के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।





## जैन समाज के बच्चों ने बाल दिवस पर लगाया फूड कार्निवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- विजेता बच्चों को अतिथियों ने किया पुरस्कृत

प्रामाणिक पाठशाला द्वारा बाल दिवस पर जैन फूड कार्निवाल 2025 का आयोजन किया गया। इस फूड कार्निवाल में बड़ी संख्या में बच्चों, अभिभावकों और समाज के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण श्री महावीराय नमः से हुई और वातावरण बच्चों की उमंग, सृजनशीलता तथा जैन सिद्धांतों पर आधारित सात्विक ऊर्जा से सराबोर हो उठा। फूड कार्निवाल में बच्चों ने स्वयं सात्विक जैन व्यंजन बनाकर अपने कौशल, नेतृत्व, टीमवर्क और सृजनशीलता का अद्भुत परिचय दिया। बच्चों द्वारा संचालित स्टॉल उनकी मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास का जीवंत प्रमाण रहे जिनकी उपस्थित अतिथियों और दर्शकों ने खुले दिल से सराहना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर मंजूषा भगत शामिल हुई। महापौर का डॉ. डॉ. अंजू गोयल ने शाल और श्रीफल से स्वागत किया। वहीं अतिथि ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी का स्वागत वरिष्ठ समाजसेवी एसके जैन ने किया।

फूड कार्निवाल का मूल्यांकन करने हेतु निर्णायक मंडल में डॉ. रितेश वर्मा, श्रीमती अर्जिता सिन्हा शामिल रहे। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार श्रीजल जैन, द्वितीय पुरस्कार रक्षिता एवं अक्षिता जैन, तृतीय पुरस्कार स्वजिता एवं रेयांशी जैन को तथा सांत्वना पुरस्कार अर्थ जैन को प्रदान किया गया। इस दौरान जैन समाज से विक्रांत जैन, महावीर जैन, राहुल जैन, अखिलेश जैन, विकास जैन, विवेक जैन, अतुल जैन, डॉ. अभिजीत जैन, अभिषेक जैन, डॉ. संजय जैन, डॉ. अश्विन जैन उपस्थित रहे। इसके साथ ही प्रामाणिक पाठशाला से समन्वयक श्रीमती रूबी जैन, डॉ. रीनू जैन, शिक्षिका श्रीमती रुचि जैन और श्रीमती काकुल जैन, श्वेताम्बर समाज की वरिष्ठ सदस्य श्रीमती ममोल कुचेता, श्रीमती स्वीटी जैन तथा श्रीमती संगीता जैन सहित अन्य मौजूद थे।

## अनियंत्रित होकर सड़क से उतरी बाइक, युवक की मौत

**राजपुर।** तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में बाइक सवार युवक ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। इस मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। बताया जा रहा है ग्राम ठरकी निवासी 35 वर्षीय रामधनी राही आ. सुन्दर साय कोरवा शनिवार की सुबह 9.15 बजे अपनी हीरो एचएफ डीलक्स बाइक क्रमांक सीजी 15 ईई 0607 से अपने ससुराल गाम भोंदना जाने के लिए निकला था। इस दौरान राजपुर-कुसमी मार्ग पर ग्राम सेवारी शिव मंदिर के समीप युवक ने अपनी तेज रफ्तार बाइक से नियंत्रण खो दिया और युवक दुर्घटना का शिकार हो गया।

सड़क दुर्घटना में गंभीर युवक को रास्ते से गुजर रहे पुलिसकर्मियों ने उपचार के लिए तत्काल संजीवनी 108 एंबुलेंस से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। इस दौरान युवक ने उपचार के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है और घटना की जांच चल रही है। इधर घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है।




## छात्राओं को विधायक ने किया साइकिल वितरित

**राजपुर।** विकासखंड के पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं पहाड़ी कोरवा कन्या शिक्षा परिसर स्कूल में निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सामरी विधायक उद्देश्वरी पैकरा उपस्थित रहीं। वहीं जनपद अध्यक्ष विनय भगत, उपाध्यक्ष आकाश, नगर पंचायत अध्यक्ष धरम सिंह, उपाध्यक्ष संजय सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक उद्देश्वरी पैकरा ने छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित की। विधायक उद्देश्वरी पैकरा ने कहा कि सरस्वती साइकिल योजना से क्षेत्र की बेटियों को न केवल शिक्षा के प्रति प्रोत्साहन मिल रहा है, बल्कि स्कूल तक सुगम आवागमन भी सुनिश्चित हो रहा है।



# 'अखंड 2' में नंदमुरी बालकृष्ण का अवतार चौंका देगा ...

**मुंबई।** तेलुगू सिनेमा के अभिनेता नंदमुरी बालकृष्ण की फिल्म 'अखंड 2' काफी समय से चर्चा में है। फिल्म की पहली किस्त 'अखंड' को लोगों ने खूब पसंद किया था। अब नजरें दूसरी किस्त पर हैं। लोगों के उत्साह को बढ़ाने के लिए निर्माताओं ने 'अखंड 2' का पहला गाना 'द थांडवम' जारी कर दिया है। अभिनेता नंदमुरी पर फिल्माए 'द थांडवम' के बोल शंकर महादेवन ने लिखे हैं। इसे आवाज कैलाश खेर और कल्याण चक्रवर्ती ने दी है। शक्ति और विनाश से भरपूर 'द थांडवम' में नंदमुरी, भगवान शिव की भक्ति में लीन नजर आए हैं। उनका अवतार रोंगटे खड़े कर देने वाला है।

लाइफ Style



# रवीना

## पीएम मोदी की मां का निभाएंगी किरदार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन हमेशा से दमदार किरदार निभाने के लिए जानी गई हैं। फिल्म 'पटना शुक्ला' और 'लॉयर' में उनके निभाए गए किरदारों को दर्शकों ने बहुत पसंद किया था। खबर है कि अभिनेत्री अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बायोपिक का हिस्सा बन गई हैं, जिसका नाम 'मां वंदे' होगा।

फिल्म में उन्हें प्रधानमंत्री की दिवंगत मां हीराबेन का किरदार निभाते देखा जाएगा। क्रांति कुमार च फिल्म का निर्देशन करेंगे। मलयालम अभिनेता उन्नी मुकुंदन प्रधानमंत्री मोदी का किरदार निभाएंगे। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक, रवीना अपने किरदार को लेकर काफी खुश हैं। वह हमेशा से हीराबेन के विपरीत परिस्थितियों में उबरने के साहस की प्रशंसक रही हैं। एक सूत्र के हवाले से कहा गया, मां वंदे ऐसी फिल्म है, जो मां-बेटे के रिश्ते पर केंद्रित है। फिल्म मुख्य रूप से उनके त्याग, दृढ़ता और उनके जिंदगी को बेहतर बनाने के योगदान को दिखाती है। रवीना इस पहलू से प्रभावित थीं, और कहानी का हिस्सा बनना चाहती थीं। रिपोर्ट के मुताबिक, 'मां वंदे' का निर्माण वीर रेड्डी एल द्वारा सिल्वर कास्ट क्रिएशन्स के बैनर तले किया जाएगा। श्रीकर प्रसाद निर्देशन का काम संभालेंगे। निर्माताओं ने बताया कि यह फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित होगी, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी के बचपन से उनके राजनीति में आने तक के सफर और उतार-चढ़ाव को दिखाया जाएगा। कुछ अनछुए पहलू होंगे जिसमें उनकी मां की प्रभावशाली भूमिका दिखेगी। कहानी को प्रभावशाली बनाने के लिए निर्माता वीएफएक्स तकनीक का इस्तेमाल करेंगे।

## हॉलीवुड मसाला




# 3 इडियट्स वाले मिमी दिखे पत्नी के साथ

**नई दिल्ली।** आमिर खान की फिल्म '3 इडियट्स' भला किसने नहीं देखी होगी! 2009 में रिलीज इस फिल्म की कहानी ही नहीं, बल्कि किरदार भी लोगों को बहुत पसंद आए थे। यही वजह है कि फिल्म सुपर-डुपर हिट साबित हुई थी। फिल्म में एक किरदार 'मिलीमीटर' का था, जिसे अभिनेता राहुल कुमार ने निभाया था। सोशल मीडिया पर राहुल का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें उन्हें तुर्की की पत्नी के साथ देखा जा सकता है। वीडियो में उन्हें पहचानना मुश्किल है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में अभिनेता राहुल को अपनी तुर्की पत्नी के साथ दिल्ली में देखा गया।



# मशहूर रैपर कार्डी बी चौथी बार बनीं मां...

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका की मशहूर रैपर कार्डी बी चौथी बार मां बन गई हैं। उन्होंने बॉयफ्रेंड स्टेफन डिग्स के साथ एक बेटे का स्वागत किया है। उन्होंने इस खुशखबरी को सोशल मीडिया पर एक वीडियो के जरिए साझा किया। वीडियो आते ही प्रशंसकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। वो कार्डी और स्टेफन को बधाई देकर अपनी खुशी जाहिर कर रहे हैं। स्टेफन के साथ कार्डी का ये पहला बच्चा है, जबकि उनके पहले से 2 बेटे और 1 बेटी है। कार्डी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया। इसमें उन्हें अपनी एल्बम 'एम आई द ड्रामा?' के गाने 'हैलो' पर लिप-सिंक करते हुए देखा गया। उन्होंने वीडियों के कैप्शन में लिखा, 'मैं दुनिया में नया संगीत और एक नया एल्बम लेकर आई! मेरी दुनिया में एक नया बच्चा' उन्होंने कहा कि यह सब उन्हें अपने बच्चों के लिए बेहतर बनने की प्रेरणा देता है।'



# माधवन की फिल्मों को देखने का करेगा मन

**मुंबई।** आर माधवन जब भी पर्दे पर आते हैं तो अपने अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। किरदार जैसा भी हो, अभिनेता उसमें इस कदर उतरते हैं कि आप उनसे नजरें नहीं हटा सकेंगे। फिलहाल माधवन फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में वह अजय देवगन के ससुर बने हैं। उनका यह किरदार बेहद दिलचस्प है। खैर हम आपको माधवन की ऐसी ही दमदार फिल्में बताएंगे, जिन्हें आप ओटीटी पर देख सकते हैं। माधवन ने बॉलीवुड में फिल्म 'रहना है तेरे दिल में' के साथ डेब्यू किया था। अभिनेता का जुनूनी किरदार इस फिल्म में देखने को मिलता है। कहानी ऐसी है, जो आपके दिल में बस जाएगी। यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद है। फिल्म 'आप जैसा कोई' इसी साल जुलाई, 2025 में नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी।



# भूत पुलिस 2 से कटा सैफ व अर्जुन का पत्ता

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान और अर्जुन कपूर की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत पुलिस' 2021 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में जैकलीन फर्नांडिस और यामी गौतम भी अहम किरदार में थीं। दर्शकों ने फिल्म को ठीक-ठाक प्रतिक्रिया दी थी। खबर है कि निर्माता इस फिल्म की दूसरी किस्त लाने की तैयारी कर रहे हैं, जिसने लोगों का उत्साह बढ़ा दिया है। हालांकि, दिलचस्प बात ये है कि दूसरी किस्त से पुराने चेहरों को बाहर कर दिया गया है। बॉक्स ऑफिस वर्ल्डवाइड की रिपोर्ट के मुताबिक, परियोजना से जुड़े सूत्रों ने बताया है कि निर्माता 'भूत पुलिस' की दूसरी किस्त पर चुपचाप काम कर रहे हैं। फिल्म की कहानी लिखी जा रही है, साथ ही नई कास्टिंग की प्रक्रिया चल रही है।

## टीवी मसाला



# 'बिग बॉस 19': बेघर होने पर भड़के मृदुल इस प्रतियोगी को बताया शो का विजेता

**मुंबई।** सलमान खान के रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' के फिनाले में सिर्फ 3 हफ्ते बचे हैं। अभिषेक बजाज के बाद मृदुल तिवारी को बीच हफ्ते शो से बाहर का रास्ता दिखाया गया। इस चौंकाने वाले कदम से न सिर्फ उनके चाहने वाले, बल्कि खुद मृदुल भी भड़क गए हैं। हालिया बातचीत में यूट्यूबर ने निर्माताओं के अनुचित फैसले पर सवाल उठाया, और प्रशंसकों के समर्थन को याद किया। इसके अलावा उन्होंने बताया कि वह किसे विजेता बनते देखना चाहेंगे।

***मृदुल ने निष्कासन को बताया मजाक*** : बातचीत में मृदुल ने कहा, ये एक मजाक जैसा लगा। मैंने एक ईमानदार खिलाड़ी के रूप में 80 दिनों का सफर पूरा किया। मैं निर्माताओं को दोष नहीं दूंगा, लेकिन जब मुझे पता चला कि मुझे इसलिए बेदखल कर दिया गया, क्योंकि एक टास्क के दौरान मुट्ठी भर लोगों ने मुझे वोट नहीं दिया था तो यह अनुचित लगा। उन्होंने कहा, मैंने शो में जबरदस्त वोट पाकर प्रवेश किया था, मुझे यह ट्विस्ट समझ नहीं आया।

***मृदुल ने बताया 'तय' विजेता का नाम*** : 'बिग बॉस 19' में शुरुआती सफर से मृदुल और गौरव खन्ना की दोस्ती नजर आई है। उन्होंने बिना किसी हिचकिचाहट के अभिनेता को विजेता घोषित कर दिया। मृदुल ने कहा, मेरे बाद सिर्फ गौरव ही जीत का हकदार है। वह सीधा-सादा, विनम्र है और कभी दूसरों को गाली नहीं देता। अगर किसी को जीतना है तो वह गौरव ही होना चाहिए। अगर उसके अलावा कोई और जीतता है तो मैं उस जीत को कभी गंभीरता से नहीं लूंगा।



## 'बिग बॉस 19' से निकलते ही बसीर अली के हाथ लगा नया प्रोजेक्ट

एकता कपूर के शो 'कुंडली भाग्य' से अभिनय की शुरुआत करने वाली बसीर अली के हाथ नया प्रोजेक्ट लगा है। इस खबर ने उनके प्रशंसकों का उत्साह सांतवें आसमान पर पहुंचा दिया है। दिलचस्प बात यह है कि इस आगामी प्रोजेक्ट में उनके साथ मशहूर टीवी अभिनेत्री ईशा मालवीय नजर आएंगी, जो 'बिग बॉस 17' का हिस्सा भी रह चुकी हैं। बसीर जब से 'बिग बॉस 19' से बाहर आए हैं, उनके प्रशंसकों को उनके नए प्रोजेक्ट का इंतजार था। रिपोर्ट के मुताबिक, बसीर और ईशा को कथित तौर पर एक म्यूजिक वीडियो के लिए साथ लाया गया है। यह गाना भावनाओं से भरपूर होने का वादा करता है। यह पहला मौका होगा जब प्रशंसक, बसीर और ईशा को एक साथ स्क्रीन साझा करते देखेंगे। लोगों ने अभी से सोशल मीडिया पर अपनी खुशी जाहिर करना शुरू कर दिया है। हालांकि बसीर और ईशा के आगामी म्यूजिक वीडियो पर निर्माताओं का आधिकारिक बयान आना बाकी है।

# 'वेलकम टू द जंगल' में येदा अन्ना के किरदार में लौटेंगे सुनील शेट्टी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की फिल्म 'वेलकम' को दर्शकों का बेशुमार प्यार मिला था। 2015 में जॉन अब्राहम 'वेलकम बैक' के साथ आए। यह फिल्म भी ठीक-ठाक साबित हुई। अब फ्रैंचाइजी की तीसरी किस्त 'वेलकम टू द जंगल' की बारी है, जिसका इंतजार लंबे समय से किया जा रहा है। फिल्म के निर्देशक अहमद खान ने हालिया बातचीत में तीसरी किस्त के बारे में बात की है। यही नहीं उन्होंने फिल्म में सुनील शेट्टी के किरदार पर दिलचस्प खुलासा किया।



***पुराने किरदार में वापसी करेंगे सुनील*** : पिंकविला के साथ बातचीत में अहमद ने 'वेलकम टू द जंगल' से सुनील के किरदार पर बात की और बताया कि वो 'येदा अन्ना' के रूप में वापसी करेंगे। जिन लोगों को नहीं पता उन्हें बता दें कि फिल्म 'आवारा पागल दीवाना' में अभिनेता ने इस किरदार को निभाया था। उन्होंने कहा, सुनील, 'आवारा पागल दीवाना' से लिया गया येदा अन्ना का किरदार निभा रहे हैं, इसलिए वो थोड़े अलग अंदाज में येदा अन्ना का किरदार निभा रहे हैं।

***तीन बड़े गानों में दिखेंगे सुनील***: अहमद ने बताया कि येदा अन्ना के रूप में सुनील की अक्षय और अरशद वारसी के साथ दिलचस्प नोंक-झोंक है, जो रोमांच और मस्ती बढ़ाएगी। उनके मुताबिक इन तीनों के साथ मिलकर फिल्म का मजा भी बढ़ जाता है। उन्होंने आगे कहा, सुनील के पास 3 गाने हैं। मैंने उन्हें उनके जवानी के दिनों में नचाया था। अब मैं उन्हें फिर से नचा रहा हूं और यही उनकी सबसे अच्छी बात है। वह बूढ़े होने से इनकार करते हैं।


# 'तेरे इश्क में' आशिक बने धनुष कृति संग खूब जमी जोड़ी...

*मुंबई। आने वाले दिनों में कई रोमांटिक फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इन्हीं में से एक है 'तेरे इश्क में'। फिल्म से सामने आई कलाकारों की झलकियों और गाने ने पहले ही दर्शकों का उत्साह बढ़ा दिया था और अब इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसकी राह खासतौर से कृति सैनन और धनुष के प्रशंसक बड़ी बेसब्री से देख रहे थे। आनंद एल राय के निर्देशन में बनी 'तेरे इश्क में' का ट्रेलर, जारी हो गया है।*

***प्यार-दर्द और टूटे रिश्ते की कहानी*** : 'तेरे इश्क में' का ट्रेलर रोमांटिक और भावनात्मक सफर पर ले जाता है। इसमें धनुष को एक दिल जले और बेरहम दीवाने आशिक के रूप में दिखाया गया है। उन्हें देख फिल्म 'रांझणा' में उनके किरदार कुंदन की यादें ताजा हो जाती हैं। उधर दर्द में डूबीं कृति के साथ धनुष की केमिस्ट्री भी कमाल की है। ट्रेलर देख तो लगता है कि प्यार, दर्द और जज्बातों से लबरेज एक दिल छू लेने वाली कहानी पर्दे पर आने वाली है।

***कब रिलीज हो रही 'तेरे इश्क में'?*** : फिल्म की कहानी हिमांशु शर्मा और नीरज यादव ने मिलकर लिखी है। आनंद एल राय इसके निर्देशक हैं। वो फिल्म के प्रोडक्शन में भी शामिल हैं। ये एक म्यूजिकल रोमांटिक फिल्म है, जिसके गाने इरशाद कामिल ने लिखे हैं और संगीतकार एआर रहमान हैं। इसके टाइटल सॉन्ग को अरिजीत सिंह ने अपनी आवाज से सजाया है। फिल्म में एक बेहद भावनात्मक प्रेम कहानी देखन को मिलेगी। 'तेरे इश्क में' 28 नवंबर 2025 को हिंदी और तमिल में रिलीज होगी।

***आनंद राय ने कराए थे धनुष को बॉलीवुड के दर्शन***: धनुष ने आनंद की फिल्म 'रांझणा' से ही साल 2013 में बॉलीवुड में कदम रखा था। अपनी पहली हिंदी फिल्म से ही उन्होंने दर्शकों का दिल जीत लिया था।



***कुंदन के किरदार में जान फूंकने में धनुष ने कोई*** : कसर नहीं छोड़ी। आखिरी बार धनुष और आनंद फिल्म 'अतरंगी रे' के लिए साथ आए और एक बार फिर धनुष ने हिंदी भाषी दर्शकों को अपना मुरीद बना लिया। अक्षय कुमार और सारा अली खान भी इस फिल्म का हिस्सा थे।

## 'आई एम कलाम' ने भारत और विदेशों में 20 से भी ज्यादा जीते पुरस्कार

# बच्चों पर बनीं इन फिल्मों ने जीते राष्ट्रीय पुरस्कार, एक पर सलमान ने लगाया था दांव

*मुंबई। बाल दिवस के मौके पर बच्चों की दुनिया, उनकी मासूमियत और सपनों को खूबसूरती से दिखाने वाली कई हिंदी फिल्मों की याद ताजा हो जाती है। ऐसी कई फिल्मों ने न सिर्फ दर्शकों का दिल जीता, बल्कि अपनी भावनात्मक कहानियों और मजबूत संदेशों के लिए बड़े-बड़े पुरस्कार भी जीते। आइए जानें उन फिल्मों के बारे में, जिन्होंने बच्चों के साथ-साथ बड़ों को भी अपना मुरीद बना लिया, वहीं इनमें काम करने वाले छोटे उस्ताद भी पर्दे पर छा गए।*



### 'चिल्लर पार्टी'

साल 2011 में आई 'चिल्लर पार्टी' ने कम बजट में भी बड़ा कमाल कर दिखाया था। करीब 60 लाख रुपये में बनी इस फिल्म ने 10 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर सबको चौंका दिया। इस फिल्म ने अपनी दमदार कहानी और शानदार अभिनय के दम पर राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी जीता। विकास बहल और नितेश तिवारी इसके निर्देशक तो सलमान खान निर्माता थे। नेटफ्लिक्स पर मौजूद इस फिल्म में इरफान खान और स्वरा भास्कर समेत कई कलाकार थे।



### 'आई एम कलाम'

उधर अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद फिल्म 'आई एम कलाम' ने कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत का नाम रोशन किया। ये कहानी है एक गरीब बच्चे 'छोटू' की, जो पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम से प्रेरित होकर अपनी जिंदगी बदलने का सपना देखता है। इसकी कहानी और हर्ष मायर के दमदार अभिनय ने इसे बेहद खास बना दिया। इसकी असली उपलब्धि रही पुरस्कारों की लंबी सूची। इस फिल्म ने भारत और विदेशों में 20 से भी ज्यादा पुरस्कार जीते।




### 'तारे जमीन पर'

बच्चे जब एक्टिंग के अपने सफर पर निकलते हैं तो फिल्म इंडस्ट्री के समंदर से कई शानदार फिल्में मोती के रूप में निकलती हैं। बच्चों पर ऐसी कई बेहतरीन फिल्में बन चुकी हैं। इस सूची में 'तारे जमीन पर' का नाम भी शामिल है। आमिर खान इस फिल्म के निर्माता-निर्देशक थे। ये फिल्म डिस्लेक्सिया से जूझ रहे एक 8 साल के बच्चे की कहानी बयां करती है। राष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुकी इस फिल्म को आप यूट्यूब पर देख सकते हैं।



### 'इकबाल' और 'धनक'

'इकबाल' की कहानी एक ऐसे लड़के की है, जो सुन और बोल नहीं सकता, लेकिन उसके अंदर भारतीय क्रिकेट टीम के लिए खेलने का बड़ा सपना है। फिल्म में श्रेयस तलपड़े ने मुख्य भूमिका निभाई थी। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीत चुकी 'इकबाल' को आप जी 5 और यूट्यूब पर देख सकते हैं। उधर फिल्म 'धनक' में 2 भाई-बहनों के रिश्ते को खूबसूरती से दिखाया गया है। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीत चुकी 'धनक' नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो पर है।

## खबर संक्षेप

### शंकरगढ़ मंडी में शुरू की गई धान खरीदी

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ मंडी में धान खरीदी प्रक्रिया का शुभारंभ किया गया जिसमें मुख्य अतिथि जिपं सदस्य गीता पैकरा एवं जनपद अध्यक्ष श्रीमती चिंतामणि भगत द्वारा किया गया। ग्राम दोहना वाशील लकड़ा द्वारा धान लाया गया जिसका सर्वप्रथम माला पहना कर स्वागत किया गया एवं लड्डू खिलाकर किस को प्रोत्साहित किया गया। शासन के मंशा के अनुरूप धान को जूट के बोरे में भरवा कर खरीदा किया गया। इस दौरान एसडीएम अनमोल सिंह एवं नायब तहसीलदार गजराज, कृषि विकास अधिकारी उमाकांत सिंह सहित मंडी के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। समिति द्वारा बताया गया कि शासन के निर्देशों के अनुसार समय पर भुगतान, ऑनलाइन पंजीकरण की जांच और परिवहन व्यवस्था को भी सुचारू रखा जाएगा।

### बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों से लड़ते हुए किया जीवन न्यौछावर : चौधरी




**अम्बिकापुर।** प्रदेश के वित्त व जिले के प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि देश की स्वतंत्रता में स्वयं को समर्पित करने वाले आदिवासी समाज के सेनानियों का बहुत बड़ा योगदान है। आज भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर हम उन्हें नमन करते हैं, अंग्रेजों के खिलाफ लड़ते हुए उन्होंने अपना जीवन न्योछावर कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में स्थापित किया है। हम ऐसे महान स्वतंत्रता संग्राम राष्ट्र सेनानियों को याद करें इसके लिए जनजातीय गौरव दिवस मनाया जा रहा है। वित्त मंत्री श्री चौधरी शनिवार को राजमोहिनी देवी भवन ऑडिटोरियम में जनजातीय गौरव दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनजातीय गौरव वर्ष जनजातीय समुदायों के योगदान, गौरवशाली इतिहास और उनकी विरासत को समर्पित है। लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज ने कहा कि जनजातीय समाज को लाभ दिलाने के उद्देश्य से शासन द्वारा कई योजनाएं शुरू की गई। जिसका प्रत्यक्ष लाभ आदिवासियों की जीवन शैली में नजर आ रहा। आज देश के गांव-गांव तक सड़क पहुंच रही है, स्वास्थ्य सुविधाएं लोगों तक पहुंची है, आदिवासी क्षेत्रों तक शिक्षा, पेयजल, विद्युत पहुंच गए हैं।

## निधन

### श्रीमती शकुंतला गुप्ता



**बैकुण्ठपुर।** शहर के स्थानीय भवानी तिगड्डा डबरीपारा निवासी संतोष गुप्ता (बबलू महाजन) की माता श्रीमती शकुंतला गुप्ता का बीती रात्रि निधन हो गया। वे करीब 68 वर्ष की थीं। इनका अंतिम संस्कार रविवार को स्थानीय गेज नदी स्थित मुक्तिधाम में किया गया, जहां परिजन समेत शहर के लोग काफी संख्या में मौजूद रहे।

### जल संसाधन विभाग द्वारा बरसात के समय पूरा नहीं खोला था गेट

# एनीकट का गेट समय पर नहीं खुलने से स्टोरेज क्षमता रह गई मात्र 40 प्रतिशत



रेत से पटा एनीकट।



एनीकट से बहता पानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

कनहर नदी क्षेत्र के लिए न सिर्फ जीवनदायिनी है बल्कि नगर पालिका परिषद की जल प्रदाय व्यवस्था पूरी तरह कनहर नदी पर निर्भर है। ऐसे में एनीकट का समय पर नहीं खोलने तथा बंद नहीं करने से अब आने वाले दिनों में जल संकट का कारण बन सकता है। घटते जलस्तर के बीच जल संसाधन विभाग की लापरवाही को लेकर लोगों में काफी नाराज़गी है।

**खास बात**
- रामानुजगंज में जल संकट गहराने की आशंका

बरसात के पूर्व एनीकट के सभी गेट खोलना आवश्यक होता है, किंतु विभागीय लापरवाही के चलते इस वर्ष एनीकट के सभी गेट पूरी तरह नहीं खोले जा सके। परिणाम स्वरूप एनीकट में रेत भराव की स्थिति उत्पन्न हो गई, जिससे जल संग्रहण की क्षमता प्रभावित हुई है। इसका सीधा दुष्परिणाम नगर की लगभग 25 हजार की आबादी को भुगतना पड़ रहा है। एनीकट के गेट खोलने एवं बंद करने में जल संसाधन विभाग द्वारा घोर लापरवाही बरती जाती है। लोगों का कहना है कि कन्हर नदी नगर के लिए वरदान के समान है। कनहर नदी का जल स्तर बरकरार होने से नगर सहित आसपास क्षेत्र का जलस्तर भी बेहतर होता है। जल स्तर में बढ़ जाने से इसका लाभ क्षेत्र के लोगों को भी मिलता है। बीते कुछ वर्षों में जल संसाधन विभाग की लापरवाही के कारण जल संकट गहराने लगा है। बरसात के बाद कनहर नदी स्थित एनीकट में लबालब पानी भरा रहता है लेकिन इस वर्ष विभाग की लापरवाही के कारण एनीकट सूखने तथा नदी के अधिकांश हिस्से में केवल रेत ही रेत है। ऐसे में एक बार फिर जल स्तर कम होने को लेकर नगर के लोग चिंतित है। नगरवासी उम्मीद कर रहे हैं कि विभाग जल्द कार्रवाई करेगा, ताकि गर्मियों में पानी की किल्लत न झेलनी पड़े।

### नदी के 60 प्रतिशत हिस्से में भर गया है रेत

बरसात के दौरान समय पर एनीकट का गेट नहीं खुलने से न सिर्फ स्टोरेज क्षमता कम हो गई बल्कि नदी के 60 प्रतिशत भाग में केवल रेत ही भर गया है। एनीकट का गेट जल संसाधन विभाग द्वारा बरसात के समय पूरा नहीं खोल गया था जिस कारण अब स्टोरेज क्षमता मात्र 40 प्रतिशत रह गई है। पानी स्टोरेज नहीं होने के कारण अब आने वाले दिनों में जल संकट गहराने का खतरा मंडराने लगा है।नगर के लिए कनहर नदी किसी वरदान से कम नहीं है और पूरा नगर कनहर नदी पर निर्भर है। ऐसे में जल स्तर बढ़ाने के लिए कुछ साल पूर्व ही करोड़ो की लागत से एनीकट का निर्माण कराया गया है। एनीकट के निर्माण होने से क्षेत्र के का जल स्तर बढ़ने के साथ ही अन्य मौसम में नगर के लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध होती लेकिन इस वर्ष बरसात के बाद एनीकट का स्टोरेज कम होना लोगों के लिए चिंता का विषय बन गया है।

### विभाग के अधिकारियों से हुई है चर्चा

जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से एनीकट का गेट तत्काल बंद करवाए जाने को लेकर बात की गई है। कहा गया है कि एनीकट का गेट अभिलंब बंद किया जाना आवश्यक है, अन्यथा आने वाले समय में पेयजल संकट गहरा सकता है।

-रमन अग्रवाल
नगर पालिका अध्यक्ष

# विद्यार्थियों ने नीलम सरोवर पार्क में मनाया बाल दिवस



**मनेन्द्रगढ़।** लिटिल मिलेनियम प्री-स्कूल और अलास्का पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने बाल दिवस के उपलक्ष्य में नीलम सरोवर पार्क का शैक्षणिक भ्रमण किया। लिटिल मिलेनियम के नर्सरी से केजी 2 तक और अलास्का पब्लिक स्कूल के कक्षा 1 से 4 तक के विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

स्कूल प्रबंधन द्वारा व्यवस्थित बसों से पहुंचे विद्यार्थियों के लिए पार्क में नाश्ते और स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई थी। इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान बच्चों को पार्क में उपलब्ध विभिन्न प्रकार के फूलों, पौधों और वृक्षों की जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों ने झूलों और स्लाइड्स पर खेलकर बाल दिवस का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान चिरमिरी नगर पालिक निगम के महापौर रामनरेश राय के पार्क पहुंचने पर केजी 1 और केजी 2 के विद्यार्थियों ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में स्कूल डायरेक्टर्स मो. फिरोज एवं रूहीन मंसूरी सहित अन्य लोग शामिल रहे।

# कन्या महाविद्यालय में आनंद मेला



**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिला मुख्यालय स्थित शासकीय कन्या महाविद्यालय में आनंद मेला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष नीलू जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

इस अवसर पर नीलू जायसवाल ने कहा कि शैक्षिक संस्थाओं में ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। उन्होंने बताया कि आनंद मेला छात्राओं को अपनी नैसर्गिक पाक-कला का प्रदर्शन करने और थोड़ी धनराशि अर्जित करने का मौका देता है। ऐसे आयोजन छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और उनमें आपसी सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। महाविद्यालय के प्रमुख डॉ. रामकिंकर पाण्डेय ने जानकारी दी कि जल्द ही अन्य आयोजन भी किए जाएंगे, जिनसे छात्राओं को बहुत कुछ नया सीखने का अवसर मिलेगा। इस मेले में जन भागीदारी सदस्य सुधा सोनी उपस्थित रही। तमन्ना परवीन, कंचन तिवारी, हेमवती, अंशिका, सुहाना साहू, मुस्कान रजक, काजल, शिखा बर्मन और पल्लवी सहित कई छात्राओं ने चाय, कॉफी, चाट, इडली, ढोकला, मोमोज और भेलपूरी जैसे विभिन्न व्यंजनों के स्टॉल लगाए। महाविद्यालय के शिक्षकों, शिक्षिकाओं, कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों ने मेले में आकर इन स्वादिष्ट व्यंजनों का स्वाद लिया और छात्राओं का उत्साह बढ़ाया।

## सशिमं में मनी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती



**मनेन्द्रगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर मनेन्द्रगढ़ में क्रांतिकारी जननायक भगवान बिरसा मुंडा की जयंती हर्षोउल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय में विविध सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत बिरसा मुंडा के चित्र, पोस्टर तथा उनके जीवन चरित्र पर आधारित विभिन्न रचनाओं के आकर्षक प्रदर्शन के साथ हुई। इसके बाद आयोजित बाल सभा में विद्यालय के व्यवस्थापक दिनेश्वर मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आचार्य सुभाष विश्वास ने की तथा आचार्या श्रीमती दुर्गा माली विशिष्ट अतिथि रहीं। बाल सभा के दौरान भैया-बहनों ने प्रेरणादायक गीत, कविता पाठ एवं भाषण प्रस्तुत किए, जिनमें भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, उनके संघर्ष, त्याग और समाज सुधार के संदेशों को प्रभावपूर्ण ढंग से उजागर किया गया। विद्यालय के प्राचार्य विनोद शुक्ला, आचार्य श्रीमती मोनिका श्रीवास्तव, श्रीमती नीतू सिंह सहित उपस्थित अतिथियों ने बिरसा मुंडा के व्यक्तित्व, कृतित्व एवं ऐतिहासिक योगदान पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।

# बाइक पर 5 सवारी, कटा चालान

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



पुलिस अधीक्षक एमसीबी श्रीमती रत्ना सिंह के निर्देश पर जिलेभर में यातायात नियमों के पालन एवं जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष यातायात जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जहां लोगों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी जा रही है, वहीं नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई भी की जा रही है।

इसी क्रम में 15 नवंबर को नगर पुलिस अधीक्षक चिरमिरी के मार्गदर्शन पर कोरिया जिले के विभिन्न क्षेत्रों में यातायात जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान जगतपुर बारबांध, थाना चरचा निवासी चंद्र प्रताप विश्वनाथ सिंह उम्र 21 वर्ष को मोटरसाइकिल पर 5 सवारी बैठाकर वाहन चलाते हुए पकड़ा गया, जो कि यातायात उल्लंघन की श्रेणी में आता है। मोटरसाइकिल चालक के इस कृत्य को ध्यान में रखते हुए उसके विरूद्ध मोटरयान अधिनियम के प्रावधानों की धारा 3/181, धारा 128/177, तथा धारा 129/194 (1) के तहत प्रकरण दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की गई। चालक से कुल 1800 का समन शुल्क वसूल किया गया। साथ ही चालक को कड़ी हिदायत दी गई कि भविष्य में पुनः यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर उसके विरूद्ध एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे स्वयं और दूसरों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सदैव यातायात नियमों का पालन करें तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचें।

# नवीन गर्ल्स कॉलेज में भाषण प्रतियोगिता



**बैकुण्ठपुर।** शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप के निर्देशन में 15 नवंबर को स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता विषय पर भाषण प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के संयोजक एवं स्वीप के नोडल अधिकारी डॉ. सुमित कुमार डे ने छात्राओं को कार्यक्रम के उद्देश्य और महत्व से अवगत कराया। उन्होंने सभी वयस्क छात्राओं से अपील की कि वे अपने परिवार सहित मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य 2025 की जिम्मेदारी निभाएं। मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य लोकतंत्र को सफल बनाने का माध्यम, प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राएं प्रथम स्थान लल्ली एमए समाजशास्त्र, तृतीय सेमेस्टर द्वितीय स्थान पुष्पा बीएससी अंतिम वर्ष, तृतीय स्थान आरती बीए प्रथम सेमेस्टर रही। कार्यक्रम संचालन की जिम्मेदारी डॉ. पवन कुमार उपाध्याय ने निभाई। आयोजन में बिक्की राम, डॉ. ज्ञान चंद पाल, मोहम्मद अमजद एवं डॉ. रिचा श्रीवास्तव का विशेष सहयोग रहा।

# शालेय शिक्षक संघ की ब्लॉक इकाई का पुनर्गठन



**राजपुर।** छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ की ब्लॉक इकाई का पुनर्गठन जिला अध्यक्ष उपेंद्र सिंह तथा प्रांतीय पदाधिकारी कमलेश मेहता के नेतृत्व में संपन्न हुआ। बैठक में संगठन के विस्तार और सुदृढ़ीकरण पर विस्तृत चर्चा की गई तथा सर्वसम्मति से नए पदाधिकारियों की घोषणा की गई।

नवगठित ब्लॉक इकाई में अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी अशोक जायसवाल को सौंपी गई, जबकि सचिव के रूप में मुन्ना कुमार कश्यप एवं कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में श्रीकांत जायसवाल का चयन किया गया। उपाध्यक्ष पद पर विराट राज तिवारी नियुक्त हुए। इसी क्रम में अध्यक्ष अशोक जायसवाल द्वारा कार्यकारिणी का गठन करते हुए संगठन मंत्री के रूप में श्याम साय मिंज, महामंत्री बदरी प्रसाद तिग्गा, कोषाध्यक्ष विजय कुमार कुजूर, सहसचिव प्रकाश जायसवाल, प्रवक्ता संजय टोप्पो, मीडिया प्रभारी शुभम सोनी तथा सह-मीडिया प्रभारी के रूप में जनक राम के नाम घोषित किए गए। कार्यकारिणी के संरक्षक की जिम्मेदारी विजय गुप्ता को दी गई। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में राजेश ठाकुर, संजीव नाहर, देवेंद्र जायसवाल, रमेश प्रजापति एवं भरत शर्मा को शामिल किया गया है।

## बाथरूम गई महिला और हो गया प्रसव घंटों सेप्टिक सीट में फंसा रहा नवजात



**अम्बिकापुर।** शनिवार को मेडिकल कॉलेज अस्पताल के एमसीएच में प्रसव का एक अनोखा मामला सामने आया है। प्रसव पीड़ा के बाद अस्पताल में भर्ती की गई प्रसूता बाथरूम गई और प्रसव हो गया। बड़ी बात यह है कि प्रसूता को इस बात की जानकारी भी नहीं हुई। महिला बाथरूम से आकर बेड में लेट गई। आधे घंटे बाद उसे एहसास हुआ कि उसका पेट खाली है जिसके बाद उसने शोर मचाना शुरू किया। इस घटना के बाद अस्पताल में हड़कंप मच गया। आनन फानन में सफाई कर्मियों में सेप्टिक सीट को तोड़कर मुर्गा में फंसे हुए बच्चे को बाहर निकाला गया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### पीलिया से मौत...

लोग संक्रमित होकर अस्पतालों में इलाज कराने के कई दिनों बाद स्वस्थ हो पाए हैं। यह विकराल परिस्थिति प्रशासनिक लापरवाही और शासन की नीतियों के सही क्रियान्वयन न हो पाने के कारण ही निर्मित हुई है। इसमें बीमारी की चपेट में आए लोगों का क्या दोष, इसलिए इस मामले में जिम्मेदारी तय की जाकर कार्रवाई किया जाना आवश्यक है, साथ ही पूर्व महापौर ने स्वास्थ्य मंत्री के एफआईआर करवाने की बात को कोड करते हुए एफआईआर कराने की मांग दोहराई है। मुआवजे की मांग पर कांग्रेस नेता श्री रेड्डी ने अपने पत्र में लिखा है कि हम शासन और प्रशासन से मांग करते हैं कि तीनों मृतक के परिजन को 20-20 लाख रूपए का मुआवजा दिया जाए। यह मुआवजा उनके परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान करेगा और उन्हें इस कठिन समय में सहारा देगा।

### बीएलओ के सहयोग...

अनुसार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को एसआईआर में बीएलओं के सहयोग के लिए ड्यूटी लगा उन्हें विभागीय कार्यो से मुक्त रखने के निर्देश हैं, बावजूद इसके आंगनबाड़ी केन्द्रों की कार्यकर्ताओं को पोषण टेकर एप में इंट्री अनिवार्य रूप से करना पड़ रहा है। इस तरह आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एक ओर एसआईआर कार्य में बीएलओं के सहयोग करने के साथ केन्द्र में पोषण टेकर एप में भी इंट्री कर रहे हैं।

### पेंशन की प्रक्रिया हुई पूरी

# खबर प्रकाशन के बाद वृद्धा का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ करवां




एसईसीएल के सेवानिवृत्त कोल कर्मी स्व. दूधनाथ सिंह की लकवा ग्रस्त पत्नी पिछले तीन साल से विधवा पेंशन के लिए दर-दर भटकती रही। लकवाग्रस्त पत्नी प्यारो बाई और लकवाग्रस्त बेटे की खबर हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित की जिसके बाद आज स्वास्थ्य विभाग की टीम ने वृद्धा का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

ग्राम पंचायत करमपुर स्थित दूधनाथ सिंह का जर्जर घर अब भी टूटी छत और उखड़ी दीवारों के बीच खड़ा है, लेकिन इस घर के आंगन में पहली बार आशा की एक हल्की मुस्कान दिखाई दी है। खबर प्रकाशन के बाद एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ. संजय सिंह ने तत्काल संज्ञान लिया और क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण के नेतृत्व में एक टीम को तत्काल पीड़ित परिवार के घर भेजा। एसईसीएल अधिकारियों ने सबसे पहले लकवाग्रस्त प्यारो बाई और उनके लकवाग्रस्त बेटे तपेश्वर सिंह को कुम्दा कॉलोनी में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में शामिल करवाया। जहां मां-बेटे दोनों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। साथ ही वर्ष 2022 में सेवानिवृत्त कोल कर्मचारी स्व. दूधनाथ के निधन के बाद विधवा पेंशन के लिए उनकी पत्नी द्वारा प्रबंधन के पास सभी दस्तावेज जमा किए गए थे पर फाइल बार-बार त्रुटि और अगले महीने की तारीख में उलझती रही, लेकिन इस बार कहानी अलग थी। अधिकारियों ने खुद प्यारो बाई के घर जाकर सभी आवश्यक दस्तावेज लिए और उच्च प्रबंधन को तत्काल भेजकर पेंशन स्वीकृति प्रक्रिया शुरू कर दी। करमपुर गांव लोगों ने कहा कि यह वही परिवार है जो हमेशा दूसरों के लिए खड़ा रहता था। आज इनके लिए हरिभूमि की खबर फरिश्ता बनकर आई है। अगर पहले सुन लिया होता तो यह हालात न बनते। अब मदद मिलने की उम्मीद से उनकी आंखों में फिर हल्की चमक लौटी है।

